


# आग लगाकर महिला प्रधान आरक्षक ने की आत्महत्या

## थाना देहात के प्रिर्यदशनी कॉलोनी का मामला, जांच में जुटी पुलिस

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,3 जून. देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रियदर्शनी कॉलोनी में बुधवार सुबह पुलिस लाइन में पदस्थ एक महिला प्रधान आरक्षक ने आत्महत्या कर ली। मृतिका ने अपने सूने घर में जाकर खुद को आग के हवाले कर दिया था। जिससे आग में गंभीर रूप से झुलसने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई।**



घटना की सूचना मिलते ही सीएसपी अजय राणा और देहात थाना प्रभारी जीएस राजपूत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला प्रधान आरक्षक कुछ दिनों से डिप्रेशन का शिकार थीं। उनका नागपुर में इलाज चल रहा था। परिजनों के मुताबिक दीपा नेगी प्रियदर्शनी कालोनी की रहने वाली है। उनकी एक पंद्रह साल की बेटी भी है। पिछले काफी समय से गंभीर मानसिक तनाव से जूझ रही थीं। बुधवार सुबह वे अपनी मां के घर से यह कहकर निकली थीं कि गाड़ी में पेट्रोल डलवाने जा रही हैं। हालांकि वह वहां से करीब 500 मीटर दूर स्थित अपने खुद के सूने घर पहुंच गईं।

### रहवासियों ने दी पुलिस को सूचना

**सूने धर के अंदर से अचानक धुआं उठता देख आसपास के रहवासियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना मृतिका की मां और उनकी 16 वर्षीय बेटी को दी, जो कक्षा दसवीं की त्रा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि कमरे का दरवाजा अंदर से हल्का लॉक था। उसे धक्का देकर खोला गया, तो अंदर महिला प्रधान आरक्षक गंभीर रूप से झुलसी अवस्था में जमीन पर मृत पड़ी थीं।**

### मिली थी अनुकंपा नियुक्ति

**परजिनों ने बताया कि मृतिका दीपा नेगी को उनके पति के निधन के बाद पुलिस विभाग में अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। सीएसपी अजय राणा ने बताया शुरूआती जांच में महिला के लंबे समय से डिप्रेशन में होने और नागपुर से इलाज चल रहा था। धटनास्थल पर एफएसएल टीम जांच कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सभी संभावित पहलुओं पर विस्तृत जांच शुरू कर दी है।**

इसके बाद उन्होंने कमरे के अंदर जाकर खुद को आग लगा ली। जिसके बाद उनकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही पुलिस महकमे और परिवार में मातम पसर गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। हालांकि मृतिका के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। जिससे आत्महत्या के मुख्य कारणों का पता चल सके।

# जहर का सेवन करने से तीन लोगों की गई जान

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,3 जून. बुधवार के दिन जहर का सेवन करने से अलग-अलग स्थानों पर तीन लोगों की मौत हो गई। पहला मामला नवेगांव थाना क्षेत्र के गोरखपुर गांव का है। जानकारी अनुसारी सुरेष पिता लक्खू जावरे उम्र 48 साल गोरखपुर का रहने वाला है।**

उसने सुबह 9.30 बजे करीब जहर का सेवन कर लिया। जिसके बाद उसे उल्टियां होने लगी। परिजनों ने उल्टियां होते देख उसे जुन्नारदेव अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दोपहर 1.30 बजे दम तोड़ दिया। दूसरे मामले में सिवनी क्षेत्र के खमरिया काछी लखनादौन के रहने वाले युवक ने जहर सेवन के बाद इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी



अनुसार उदय पिता शिवकुमार कुशवाह 19 साल खमरिया काछी का रहने वाला है। उसने मंगलवार की रात जहर का सेवन कर लिया। जिसके बाद पिता ने उसके बड़े भाई जो छिंदवाड़ा में रह रहा है, उसे फोन कर बताया कि उदय को उल्टिया होने के कारण लखनादौन में भर्ती कराया गया है। उसका बड़ा भाई दूसरे दिन लखनादौन पहुंचा। उसने वहां से रेफर कराने के बाद बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर आ गया। अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार की दोपहर 2 बजे दम तोड़ दिया।

### *तीसरा मामला : जहर सेवन से वृद्धा की मौत*

*उमरेठ थाना क्षेत्र के खंसवाड़ा गांव की रहने वाली वृद्धा की जहर सेवन के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार भगवती पति गनपत चंद्रवंषी उम्र 65 साल खंसवाड़ा की रहने वाली है। बीते दिनों उसने अज्ञात कारणों के चलते जहर का सेवन कर लिया। जिसके बाद उसे उल्टियां होने लगी। हालत गंभीर होते देख परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में मातम पसर गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।*

# नायब तहसीलदार से हुज्जत करने वाले पुलिस गिरफ्त में

## पुलिस ने आरोपियों का जुलूस निकालकर न्यायालय में पेश कर भेजा जेल


**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,3 जून. उमरानाला चौकी क्षेत्र में अवैध रेत के मामले में नायब तहसीलदार से मोबाइल छीनने वाले और विवाद करने वाले आरोपी आखिरकार पुसिल के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों का जुलूस निकालकर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।**



बताया जा रहा है कि पुलिस वाहन खराब होने के कारण पैदल ले जाया गया। जानकारी में पुलिस ने बताया कि 27 मई को मोहखेड़ तहसीलदार द्वारा जांच के दौरान रेत माफिया अयूब खान, शमशेर खान एवं आसिफ खान निवासी नोनिया करबल द्वारा अभद्रता कर गाली गलौज कर रेत डंपर लेकर फरार हो गए थे। जहां शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने घटना से सबंधित वाहन एक डम्फर ओर एक काले रंग की थार कीमती करीबन 75 लाख की जप्त की है। उक्त कार्यवाही में मोहखेड़ थाना प्रभारी विजयराव माहोरे, चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश साहू, सहायक उपनिरीक्षक संतोष बघेल, अखिलेश तिवारी, प्रधान आरक्षक श्याम ठाकरे, हेमंत इंडुलकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पुलिस ने कार और डंपर किया जब्त

पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त टाटा कंपनी का डंपर तथा काले रंग की थार वाहन क्रमांक एमपी-28-जेडडी-8323 सहित लगभग 75 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की गई है। मामले में सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने की कार्रवाई की गई।




13 वाहनों पर की गई 1,11,300 रूपये की चालानी कार्यवाही

# परिवहन विभाग के जांच दल ने हर्रई मार्ग की वाहनों की जांच

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,3 जून. परिवहन विभाग के विशेष जांच दल द्वारा आज हर्रई मार्ग पर संचालित यात्री वाहनों, स्कूल वाहनों एवं अन्य वाहनों की सघन जांच की गई।**

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला ने बताया कि वाहनों की जांच में यात्री वाहनों के दस्तावेजों जैसे-वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक के वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। विशेष जांच दल द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-2027 को दृष्टिगत रखते हुये ऑडिट में बकाया ऐसे वाहन जिस पर म.प्र. मोटरयान कर बकाया है, पर भी वसूली की कार्यवाही सतत् रूप से की जा रही है। जांच के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 49 पी 0560 को रोककर जांच की गई। दस्तावेजों की जांच करने पर वाहन बिना वैध परमिट सवारी ले जाते पाया गया। उक्त वाहन पर 43,000 रूपये की चालानी कार्यवाही कर वाहन मुक्त किया गया तथा वाहन क्रमांक एमपी 07 एचबी 5294 बिना वैध बीमा एवं परमिट के परिवहन करते पाये जाने पर उक्त वाहन पर 47,000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। अन्य कार्यवाही में मोटरयान अधिनियम के तहत कमियां पाये जाने पर कुल सभी 13 वाहनों पर 1,11,300 रूपये की चालानी कार्यवाही कर राजस्व प्राप्त किया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत


**छिंदवाड़ा।** कुंडीपुरा थाना क्षेत्र के बोहता के रहने वाले युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार सुनील पिता निरपत वर्मा 47 साल बोहता गांव का रहने वाला है। वह किसी काम से चांद गया था। काम करने के बाद वह घर लौट रहा था। इस दौरान उसकी बाइक को सामने से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची 108 से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,3 जून. चौरई थाना के ग्राम कलकोटी में बुधवार को एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी खबर मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।**

पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार संदीप पिता शंकर वर्मा कलकोटी गांव का रहने वाला है।

उसके खिलाफ मंगलवार को शिकायत भी दर्ज करवाई गई थी। दूसरे दिन युवक खेत में फंदे में लटका हुआ पाया गया। जिसके



बाद सूचना पर पुलिस ने उसके शव को उतरवाया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# आदिवासी प्रीमियर लीग सीजन-2 में छिंदवाड़ा शहर 11, अमरवाड़ा 11 और दमुआ 11 की शानदार जीत

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,3 जून. जिले में आयोजित आदिवासी प्रीमियर लीग सीजन-2 के अंतर्गत मंगलवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।**

पहला मुकाबला डॉक्टर्स 11 और छिंदवाड़ा शहर 1 के बीच खेला गया। छिंदवाड़ा शहर 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 126 रन बनाए। टीम की ओर से अभिषेक पंद्रे ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 6 गेंदों पर 6 छक्के जड़ दिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डॉक्टर्स 11 की टीम 8 ओवर में 8 विकेट खोकर 88 रन ही बना सकी। इस प्रकार छिंदवाड़ा शहर 11 ने 44 रन से शानदार जीत दर्ज की। अभिषेक पंद्रे को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा मुकाबला आईटीआई छिंदवाड़ा 11 और अमरवाड़ा 11 के बीच खेला गया। आईटीआई छिंदवाड़ा 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 64 रन बनाए। जवाब में अमरवाड़ा 11 ने 8 ओवर में 4 विकेट खोकर 68 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।तीसरे मुकाबले में दमुआ 11 और बिछुआ 11 आमने-सामने रहे। दमुआ 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट खोकर 106 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिछुआ 11 की टीम 8 ओवर में 8 विकेट खोकर 78 रन ही बना सकी। दमुआ 11 ने यह मुकाबला 35 रन से जीत लिया।प्रतियोगिता के सचिव राघवेंद्र उइके एवं अनिकेत अहाके ने बताया कि मंगलवार के मैचों में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर विक्रम अहके सहित ए.एस. उइके, आर.एस. उइके, सत्येंद्र सिंह मरकाम, गिरीश खवसे, पप्पू ठाकुर, विवेक बिद्दू मंदराह, मयूर पटेल, पीयूष खुराना, एम.एल. उइके, के.एल. सिल्लु, हेमकरण तिरगाम, कमलेश डेहरिया, राकेश वाडिवा, हरिराम सल्लाम, विनोद धुर्वे, गनी कमरे, सत्येन्द्र माँझी, धीरज राउत एवं प्रशांत घोंघे उपस्थित रहे।

### फांसी में झूला अधेड़, घर के पीछे पेड़ में बनाया फंदा

**बड़कुही, संवाददाता.** बड़कुही क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। शेख यूनुस पिता यूनिस 50 वर्ष ने अपने घर के पीछे स्थित पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनका शव पेड़ पर लटका हुआ मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी बड़कुही का स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचा। चौकी प्रभारी अक्रजय धुर्वे, आरक्षक प्रदीप बघेल एवं आरक्षक रशीद खान ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया तथा पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया।पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

# नगर निगम अमले ने दुकानदारों का सामान किया जब्त

## शहर के विभिन्न क्षेत्रों में की अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,3 जून. शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के तहत छोटी बाजार, पावर हाउस, दुर्गा चौक, छोटा तालाब के पास तथा तिलक शाला क्षेत्र में सड़क एवं सार्वजनिक मार्गों को बाधित कर किए गए अतिक्रमणों को हटाया गया।**



कार्रवाई के दौरान ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध जप्ती की कार्रवाई की गई, जिन्होंने सड़क पर विज्ञापन स्टैंड एवं बोर्ड रखकर यातायात में बाधा उत्पन्न कर अतिक्रमण कर रखा था। नगर निगम अमले ने संबंधित सामग्री जब्त करते हुए दुकानदारों को भविष्य में सड़क पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करने की सख्त हिदायत दी। इस दौरान मुनादी एवं उद्घोषणा (अनाउंसमेंट) के माध्यम से व्यापारियों एवं आम नागरिकों को सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करने के लिए जागरूक किया गया तथा नियमों का पालन करने की अपील की गई।

इसके अलावा सिवनी रोड ओवरब्रिज के नीचे संचालित फल एवं फ्रूट मार्केट को सड़क से हटाकर व्यवस्थित किया गया। फल विक्रेताओं को निर्धारित स्थान पर व्यवसाय संचालित करने तथा सड़क पर अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश दी गई, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## नगर निगम सभाकक्ष में टीएल बैठक में आयुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन करे : श्री राय

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,3 जून. नगर निगम सभाकक्ष में निगम आयुक्त सी.पी. राय की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी विश्व पर्यावरण दिवस एवं अन्य जनहितकारी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**



बैठक में बताया गया कि नगरीय निकायों में 5 जून से 21 जून 2026 तक विभिन्न जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों के तहत विशेष अभियान संचालित किए जाएंगे। आयुक्त श्री राय ने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस से एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के अंतर्गत व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अभियान में पीपल, नीम, बरगद, आम सहित औषधीय एवं फलदार पौधों के रोपण पर विशेष बल दिया जाएगा। स्थानीय जलवायु के अनुरूप पौधों का चयन किया जाएगा तथा विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

### विशेष स्वच्छता अभियान चलाए

आयुक्त ने निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्रों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाए जाए। शहर के बाहरी क्षेत्रों एवं प्रवेश मार्गों पर एकत्रित प्लास्टिक एवं पॉलीथीन की हैंड पिकिंग कर सफाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त तालाबों, कुओं, बावड़ियों तथा अन्य पारंपरिक जल स्रोतों की साफ-सफाई भी कराई जाए। बैठक में बताया गया कि 12 से 18 जून के दौरान नगरीय निकायों में जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें विभिन्न शासकीय योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। इसी क्रम में 19 एवं 20 जून को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

### लंबित प्रकरणों का शीघ्र करे निराकरण

नगर निगम में आयोजित टीएल की बैठक में कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त टीएल शिकायतों के समय-सीमा में निराकरण की समीक्षा भी की गई। साथ ही सांसदों एवं विधायकों के पत्रों के आधार पर प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।बैठक में उपायुक्त कमलेश निर्गुणकर, सहायक आयुक्त मीना कोरी सहित सभी शाखाओं के प्रमुख ,अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 Serving the Education for the Past 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours AICTE APPROVED COURSE
B.C.A. MCU M.Sc. CS
Honours B.Sc. Maths B.Sc. Biology
B.Com. Honours M.Com.
B.A. Honours B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140 www.ipschw.com

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निः शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी।* फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589